तू ही मेरी बन्दगी है तू ही हर खुशी

और नहीं कुछ, मांगू मां तुमसे, इतना करम करना,
मुझको तू हर पल, अम्बे भवानी, अपनी शरण रखना,
मैंने तेरे नाम सारी जिंदगी लिखी,
तू ही मेरी बन्दगी है तू ही हर खुशी,
मेरी मां, मेरी माँ,कोई नहीं मेरा यहां,
मेरी माँ तेरा दर, मेरा घर है मेरा जहां,
तेरे नाम मैंने सारी जिंदगी लिखी,
तू ही मेरी बन्दगी है तू ही हर खुशी....

मां तुमने मेरा, दूर किया हर गम,
तुमने ही बक्शा, खुशियों का मौसम,
कोई नहीं था, मेरा जहां में, तुमने सहारा दिया,
डूब रही थी, कश्ती ये मेरी, तुमने किनारा दिया,
मैंने तेरे नाम सारी जिंदगी लिखी,
तू ही मेरी बन्दगी है तू ही हर खुशी,
और नहीं कुछ,मांगू माँ तुमसे.......

मेरी ये सांसे, मेरी ये धड़कन,
तेरी दया से ही, है मेरा जीवन,
रहमत से तेरी, मुझको मिला है, जीवन दुबारा मां,
तूने बदल दी, मेरी ये किस्मत देकर सहारा माँ,
मैंने तेरे नाम सारी जिंदगी लिखी,
तू ही मेरी बन्दगी है तू ही हर खुशी,
और नहीं कुछ मांगू........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31252/title/tu-hee-meri-bandagi-hai-tu-hee-har-khushi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |